तापमान
अधिकतम 34.3 डिग्री
न्यूनतम 17.2 डिग्री

हरिभूमि
# हिसार भूमि
रोहतक, गुरुवार, मार्च 13, 2025

11 चुनाव में जीत के बाद पूरे शहर में जश्न का माहौल



12 पालिका के कड़े मुकाबले में निर्दलीय प्रत्याशी शमशेर कूकन बने चेयरमैन



## खबर संक्षेप

### टैगोर हाउस ने जीती ओवरआल हाउस ट्राफी

**मंडी आदमपुर।** शांति निकेतन पब्लिक स्कूल में वर्ष भर की विभिन्न गतिविधियों के परिणामों के आधार पर टैगोर हाउस को विजेता घोषित किया गया। इस दौरान छात्रों और शिक्षकों में खासा उत्साह देखने को मिला। प्रिंसिपल राजेंद्र ने कहा कि यह एक अहम पल है। टैगोर हाउस ने कड़ी मेहनत से यह सफलता हासिल की है। उन्होंने यह भी कहा कि यह जीत सभी छात्रों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बनेगी और वे भविष्य में और भी बड़े लक्ष्य प्राप्त करेंगे। चेयरमैन पपेंद्र ज्याणी ने कहा कि हमारे स्कूल में प्रतिस्पर्धा और टीमवर्क की अहमियत है, और आज की यह जीत इस बात का प्रमाण है कि जब हम एकजुट होकर काम करते हैं तो हम किसी भी चुनौती का सामना कर सकते हैं।

### नौकरी दिलाने के नाम पर 20 लाख की ठगी, दो गिरफ्तार

**हिसार।** सदर पुलिस ने एचएयू में नौकरी दिलाने के नाम पर की गई 20 लाख की ठगी मामले में नामजद आरोपी सहित दो को गिरफ्तार किया है। इनमें बुगाना निवासी नसीब और विजय सूरा शामिल है। जांच अधिकारी एएसआई विक्रम ने बताया कि इस संबंध में सदर थाना में 11 जुलाई 2024 को गांव शिकारपुर निवासी सतीश ने शिकायत दर्ज करवाई थी। शिकायत के अनुसार आरोपी नसीब सहित चार नामजद आरोपियों पर एचएयू में नौकरी के नाम पर 20 लाख रुपये ठगने का आरोप है, जिस पर सदर पुलिलस ने केस दर्ज किया था।

### एसडी मार्डन में करियर काउंसलिंग 19 को

**हांसी।** एसडी मॉडर्न पब्लिक स्कूल के परिसर में 19 मार्च को करियर काउंसलिंग का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी स्कूल प्रांगण में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान स्कूल प्राचार्या ऋतु सिंह, करियर काउंसलिंग कार्यक्रम की प्रमुख वक्ता इंडिया टुडे न्यूज की वक्ता, क्यु एंड आई की टीम से श्रेया खेतान व अमित झाम्ब ने देते हुए बताया कि ये अवसर थॉमसन डिजिटल की तरफ से कक्षा 8 से 12 में पढ़ने वाले सभी छात्रों के लिए सुनहरा अवसर है।

### गांधी कॉलोनी के मकान से 643 ग्राम गांजा बरामद

**हिसार।** नशीले पदार्थों का व्यापार करने वालों पर कार्रवाई करते हुए पुलिस की नशा निरोधक टीम ने उकलाना की गांधी कॉलोनी स्थित एक मकान से 643 ग्राम गांजा बरामद किया है। टीम प्रभारी उप निरीक्षक इंदर सिंह ने बताया कि पुलिस टीम ने गश्त के दौरान गांधी कॉलोनी उकलाना पहुंची। इस दौरान एक व्यक्ति पॉलिथीन की थैली सहित गली में एक मकान के दरवाजे पर खड़ा दिखाई दिया, जो पुलिस टीम को देखकर पॉलिथीन की थैली मकान के गेट पर फेककर अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गया। मकान मालिक और भागने वाले की पहचान गांधी कॉलोनी निवासी नीरज के रूप में हुई है।

### नगर निगम में भाजपा ने लहराया परचम, 20 वार्डों में से 18 में भाजपा, एक में कांग्रेस और 2 में निर्दलीय जीते


# भाजपा के प्रवीन पोपली हिसार के नए मेयर, कांग्रेस के कृष्ण टीटू सिंगला को 64 हजार 456 वोट से हराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

नगर निगम चुनाव की मतगणना में जनता ने छोटी सरकार चुन ली है। इसमें सत्तारूढ़ भाजपा के प्रवीन पोपली विजयी रहे हैं। उन्होंने कांग्रेस उम्मीदवार कृष्ण सिंगला को बड़े अंतर से पराजित किया। अधिकतर वार्डों में भी भाजपा के पार्षद प्रत्याशी चुनाव जीते हैं। भाजपा के प्रवीन पोपली को कुल 96 हजार 329 वोट मिले जबकि कांग्रेस उम्मीदवार कृष्ण सिंगला टीटू को केवल 31 हजार 873 वोट ही मिल पाए और कांग्रेस उम्मीदवार 64 हजार 456 मतों से चुनाव हार गए। अन्य उम्मीदवारों में सुरेन्द्र कुमार को 2971, मीरा लोट को 1892, गुरप्रीत सिंह को 1848, सुरेन्द्र भोरिया को 1665 तथा होशियार सिंह को 1285 वोट मिले। इस चुनाव में नोटा चौथे स्थान पर रहा और उसे 2012 वोट मिले। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार नगर निगम चुनाव की मतगणना बुधवार सुबह आठ बजे शुरू हुई। भाजपा उम्मीदवार प्रवीण पोपली ने पहले राउंड से ही बढ़त हासिल कर ली, जो अंत तक रही। फाइनल राउंड की मतगणना के बाद उन्होंने कांग्रेस के उम्मीदवार कृष्ण सिंगला को लगभग 64 हजार 456 मतों से हराकर बड़ी जीत दर्ज कर ली।

### वार्डों में भी वर्चस्व

नगर निगम के 20 वार्डों में से अधिकतर में भाजपा उम्मीदवारों ने बाजी मारी है। कांग्रेस का केवल एक जगह खाता खुल पाया है और वार्ड 19 में कांग्रेस उम्मीदवार सत्यवान पानू ने जीत दर्ज की है। वार्ड 6 से निर्दलीय प्रत्याशी उषा तथा वार्ड 8 से निर्दलीय प्रत्याशी रवि सैनी जमालपुरिया ने जीत दर्ज की। निगम चुनाव में जीत के बाद भाजपा के हौंसले बुलंद है। वार्ड 1 से सरोज जैन धर्मपत्नी अनिल जैन टीनू ने 3618 वोटों के अंतर से जीत दर्ज की, वहीं मोहित नरेश सिंगल ने वार्ड 2 में 1184 वोटों से जीत हासिल की। वार्ड 3 में ज्योति वर्मा ने 2883 वोटों से और वार्ड 4 में हरि सिंह सैनी सांखला ने 2223 वोटों के अंतर से जीत दर्ज की। भीम महाजन ने वार्ड 5 में 2311 वोटों से जीतकर जीत का परचम लहराया। वार्ड 6 में निर्दलीय प्रत्याशी उषा ने 75 वोटों के अंतर से जीत हासिल की। मनोहर लाल वर्मा ने वार्ड 7 में 2309 वोटों और रवि सैनी जमालपुरिया ने वार्ड 8 में 2792 वोटों के अंतर से जीत दर्ज की। वार्ड 9 में शीला देवी जय प्रकाश ने 3449 वोटों से जीत हासिल की, जबकि वार्ड 10 में साक्षी बीजड शर्मा ने 14 वोटों से जीत दर्ज की। इसी प्रकार नरेश ग्रेवाल ने वार्ड 11 में 1631 वोटों से, जगमोहन मित्तल ने वार्ड 12 में 2660 वोटों से और संजय कुमार डालमिया ने वार्ड 13 में 990 वोटों से जीत दर्ज की।



**हिसार।** जीत के बाद विजयी जुलूस निकालते मेयर प्रवीन पोपली।

### मेयर पद के प्रत्याशियों को इतने वोट मिले

| | | |
|---|---|---|
| - प्रवीन पोपली | भाजपा | 96329 |
| - कृष्ण सिंगला | कांग्रेस | 31873 |
| - सुरेंद्र कुमार | | 2971 |
| - मीरा लोट | | 1892 |
| - गुरप्रीत सिंह | | 1848 |
| - सुरेंद्र भोरिया | | 1665 |
| - होशियार सिंह | | 1285 |
| नोटा | | 2012 |
| जीत का अंतर | | 64456 |

### विजय जुलूस निकाल जीत का जश्न मनाया

भाजपा ने मेयर चुनाव में हुई जीत का श्रेय केन्द्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याकारी नीतियों, जनता के सहयोग व कार्यकर्ताओं की मेहनत को दिया है। भाजपा ने कहा कि है कि ट्रिपल इंजन की सरकार बनाकर शहर की जनता ने विकास का मार्ग प्रशस्त किया है। मेयर चुनाव में पार्टी उम्मीदवार प्रवीन पोपली की जीत के बाद विजयी जुलूस में शामिल जिला अध्यक्ष अशोक सैनी ने बुधवार को कहा कि जनता ने भाजपा के प्रति अपना प्यार व विश्वास जताया है। पार्टी इस विश्वास पर खरा उतरेगी और शहर के विकास को नई गति देगी।

### कांटे का मुकाबला

नगर निगम चुनाव के लिए बुधवार को हुई मतगणना के दौरान कई बार ऐसे मौके आए जब दिल की धकड़नें थमने लगी। वार्ड 10 में बेहद करीबी मुकाबले में भाजपा की साक्षी शर्मा ने कांग्रेस प्रत्याशी कविता ख्यालिया को हरा दिया। कविता मात्र 14 वोटों के अंतर से हार गई। निगम के वार्डों 20 में यह जीत सबसे कम वोटों की रही। भाजपा प्रत्याशी को 2149 वोट मिले, जबकि कांग्रेस प्रत्याशी को 2135 वोट मिले। वहीं वार्ड 6 से पराजित रही भाजपा प्रत्याशी सुमित्रा खन्ना को 1072 वोट मिले हैं जो भाजपा के सभी 20 प्रत्याशियों को मिलने वाले वोटों में सबसे कम है।

### कांग्रेस एक वार्ड में जीती

निगम चुनाव में कांग्रेस ने शहर के 20 वार्डों में 12 वार्डों में अपने प्रत्याशी उतारे थे। बाकी वार्डों में कांगेस ने अन्य प्रत्याशियों को समर्थन किया हुआ था। वार्ड 19 से कांग्रेस प्रत्याशी सत्यवान पानू विजयी रहे। वहीं वार्ड 10 से कांग्रेस प्रत्याशी कविता ख्यालिया मात्र 14 वोटों से भाजपा प्रत्याशी साक्षी शर्मा से चुनाव हार गई। इसके अलावा वार्ड 3 से कांग्रेस प्रत्याशी कुसुम प्रजापति 1250 वोट लेकर दूसरे स्थान पर रही। वार्ड 9 से कांग्रेस प्रत्याशी लक्ष्मी रंगा 1008 वोट लेकर चौथे स्थान पर रही। इनके अलावा कांग्रेस के अन्य प्रत्याशी 500 का आंकड़ा भी नहीं छू पाए।

### चार प्रत्याशियों से नोटा आगे

मेयर पद के लिए 7 प्रत्याशियों ने किस्मत आजमाई थी। मतदान के बाद 2 मार्च को ईवीएम में बंद प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला आज खुला तो इस दौड़ में नोटा ने चार प्रत्याशियों को पीछे छोड़ दिया। भाजपा प्रत्याशी प्रवीन पोपली 96329 के करीब वोट लेकर पहले स्थान पर रहे, वहीं कांग्रेरस प्रत्याशी कृष्ण सिंगला टीटू लगभग 31873 वोट लेकर दूसरे व निर्दलीय प्रत्याशी सुरेन्द्र कुमार 2971 वोट लेकर तीसरे स्थान पर रहे। नोटा ने 2012 के करीब वोट प्राप्त किए और चौथा स्थान हासिल किया। मेयर पद के निर्दलीय प्रत्याशी मीरा लोट 1892 वोट लेकर पांचवे, गुरप्रीत सिंह 1848 वोट लेकर छठे, सुरेन्द्र भोरिया 1665 वोट लेकर सातवें व होशियार सिंह ने करीब 1285 वोट लेकर आठवां स्थान हासिल किया। इस तरह मेयर चुनाव में नोटा ने चार प्रत्याशियों से ज्यादा वोट हासिल किए।

### ये रहे विजेता

वार्ड- 1

सरोज जैन

वार्ड- 2

मोहित नरेश

वार्ड- 11

नरेश ग्रेवाल

वार्ड- 12

जगमोहन मित्तल

वार्ड- 3

ज्योति वर्मा

वार्ड- 4

हरिसिंह सैनी

वार्ड- 13

संजय कुमार

वार्ड- 14

डॉ. सुमन यादव

वार्ड- 5

भीम महाजन

वार्ड- 6

उषा

वार्ड- 15

संतोष सैनी

वार्ड- 16

राजेंद्र बिड़लान

वार्ड- 7

मनोहर लाल

वार्ड- 8

रवि सैनी

वार्ड- 17

राजेश अरोड़ा

वार्ड- 18

गुलाब सिंह

वार्ड- 9

शीला देवी

वार्ड- 10

साक्षी शर्मा

वार्ड- 19

सत्यवान पानू

वार्ड- 20

नवीन कुमार

### वार्डों मे किसे-कितने वोट मिले

| | | |
|---|---|---|
| **वार्ड- 1** | | |
| सरोज जैन | भाजपा | 5340 |
| रेनु पवन | | 1722 |
| रेखा बंसल | कांग्रेस | 1097 |
| दीपिका | | 39 |
| नोटा | | 52 |
| जीत का अंतर | | 3618 |
| **वार्ड- 2** | | |
| मोहित सिंगल | भाजपा | 2533 |
| डॉ. प्रदीप कोहली | | 1349 |
| ईशा गर्ग | | 1346 |
| नरेंद्र | कांग्रेस | 1158 |
| रेनू | | 404 |
| विनय मित्तल | | 88 |
| तेजवीर सिवाच | | 70 |
| हरीश कुमार | | 18 |
| नोटा | | 21 |
| जीत का अंतर | | 1184 |
| **वार्ड- 3** | | |
| ज्योति वर्मा | भाजपा | 4133 |
| कुसुम प्रजापति | कांग्रेस | 1250 |
| नोटा | | 109 |
| जीत का अंतर | | 2883 |
| **वार्ड- 4** | | |
| हरि सिंह सैनी | भाजपा | 3300 |
| सुरेंद्र सैनी | | 1077 |
| पंकज कुकरेजा | | 695 |
| सुनील चौहान | | 519 |
| जतिन शर्मा | कांग्रेस | 316 |
| शुभम | | 123 |
| नोटा | | 79 |
| जीत का अंतर | | 2223 |
| **वार्ड- 5** | | |
| भीम महाजन | भाजपा | 4030 |
| सौरभ पपरेजा | | 1719 |
| ललित भाटिया | | 724 |
| दिनेश कुमार | | 381 |
| नोटा | | 35 |
| जीत का अंतर | | 2311 |
| **वार्ड- 6** | | |
| ऊषा | | 1147 |
| सुमित्रा खन्ना | भाजपा | 1072 |
| कोमल सैनी | | 993 |
| बबीता | | 758 |
| अंजलि | | 701 |
| मीनू | | 657 |
| सुनीता | | 647 |
| पूजा | | 424 |
| शर्मिला | कांग्रेस | 306 |
| प्रियंका सोहम | | 83 |
| नोटा | | 45 |
| जीत का अंतर | | 75 |
| **वार्ड- 7** | | |
| मनोहरलाल वर्मा | भाजपा | 4589 |
| संदीप शर्मा | | 2280 |
| शिव कुमार | | 1296 |
| भूप सिंह घोड़ेला | कांग्रेस | 493 |
| अंजू रानी | | 240 |
| विजय कुमार | | 220 |
| संतोष राठौर | | 185 |
| मंदीप | | 73 |
| नोटा | | 58 |
| जीत का अंतर | | 2309 |
| **वार्ड- 8** | | |
| रवि सैनी जमालपुरिया | | 4819 |
| राजेंद्र सैनी | भाजपा | 2027 |
| मन्नु अग्रवाल | कांग्रेस | 236 |
| अतुल बांगा | | 1494 |
| नरोत्तम | | 40 |
| मंगल | | 15 |
| मधु शर्मा | | 358 |
| मनोज सिंधवानी | | 107 |
| नोटा | | 47 |
| जीत का अंतर | | 2792 |
| **वार्ड- 9** | | |
| शीला देवी | भाजपा | 4913 |
| अनिता रानी | | 1464 |
| पिंकी रानी | | 1140 |
| लक्ष्मी रंगा | कांग्रेस | 1008 |
| प्रियंका देवी | | 232 |
| नोटा | | 85 |
| जीत का अंतर | | 3449 |
| **वार्ड- 10** | | |
| साक्षी शर्मा | भाजपा | 2149 |
| कविता | कांग्रेस | 2135 |
| कविता | | 1268 |
| बिमला देवी | | 915 |
| सुजीता | | 547 |
| सुमन रानी | | 342 |
| ज्योति | | 257 |
| पूनम देवी | | 131 |
| प्रीति सैनी | | 118 |
| नोटा | | 42 |
| जीत का अंतर | | 14 |
| **वार्ड- 11** | | |
| नरेश ग्रेवाल | भाजपा | 3690 |
| महाबीर | | 2019 |
| कर्मवीर सातरोड़ | | 1522 |
| अनिल शर्मा | | 833 |
| कपिल बेदी | | 129 |
| डॉ. सत्यवान सैनी | | 125 |
| कुलदीप | | 29 |
| नोटा | | 33 |
| जीत का अंतर | | 1631 |
| **वार्ड- 12** | | |
| जगमोहन | भाजपा | 4873 |
| विकास शर्मा | | 2213 |
| जयकिशन | | 74 |
| नोटा | | 70 |
| जीत का अंतर | | 2660 |
| **वार्ड- 13** | | |
| संजय डालमिया | भाजपा | 2468 |
| राकेश आर्य | | 1478 |
| उदयवीर मिंटू | | 1081 |
| नोटा | | 31 |
| जीत का अंतर | | 990 |
| **वार्ड- 14** | | |
| डॉ. सुमन यादव | भाजपा | 2434 |
| सुमन श्योराण | | 1876 |
| जन्नत पाहवा गांधी | | 1059 |
| पायल | | 548 |
| कृति | | 36 |
| नोटा | | 33 |
| जीत का अंतर | | 558 |
| **वार्ड- 15** | | |
| संतोष सैनी | भाजपा | 4290 |
| लक्ष्मी | | 1859 |
| गीता सैनी | | 505 |
| नोटा | | 93 |
| जीत का अंतर | | 2431 |
| **वार्ड- 16** | | |
| राजेंद्र बिडलान | भाजपा | 2360 |
| आनंद प्रकाश | | 1619 |
| विजय कुमार | | 1409 |
| शिव दयाल | | 563 |
| राजेंद्र ढाका | | 496 |
| सुदर्शन कुमार | | 254 |
| श्यामलाल, कांग्रेस | | 230 |
| निर्मला | | 177 |
| मल्लिका | | 71 |
| नोटा | | 71 |
| जीत का अंतर | | 741 |
| **वार्ड- 17** | | |
| राजेश अरोड़ा | भाजपा | 2542 |
| तेजस्वी मावलिया | | 1316 |
| मोहित परूथी | | 771 |
| विकास, कांग्रेस | | 493 |
| राजीव कुमार | | 466 |
| नोटा | | 27 |
| जीत का अंतर | | 1226 |
| **वार्ड- 18** | | |
| गुलाब सिंह | भाजपा | 2545 |
| राजकुमार | | 1764 |
| ओमप्रकाश | | 388 |
| चरणदास | | 308 |
| प्रवीण कुमार | | 276 |
| मनोज राणा | | 269 |
| सीमा रानी | | 252 |
| विक्रमजीत | | 210 |
| नोटा | | 54 |
| जीत का अंतर | | 781 |
| **वार्ड- 19** | | |
| सत्यवान पानू | कांग्रेस | 2597 |
| पिंकी शर्मा | भाजपा | 2509 |
| कुलदीप मुवाल | | 1114 |
| प्रवीण ढांडा | | 543 |
| जोगेंद्र सिंह | | 93 |
| सुरेंद्र महालक्ष्मी | | 11 |
| नोटा | | 23 |
| जीत का अंतर | | 88 |
| **वार्ड- 20** | | |
| नवीन कुमार | भाजपा | 2681 |
| राजेश कुमार | | 1764 |
| सतीश | | 216 |
| नोटा | | 85 |
| जीत का अंतर | | 917 |

### सरोज जैन के नाम सबसे बड़ी जीत

वार्ड 1 से सरोज जैन ने वोटों के अंतर के लिहाज से सबसे बड़ी जीत दर्ज की। सरोज को 5340 वोट मिले, जबकि निर्दलीय रेनु पवन कुमार को 1722 वोट प्राप्त हुए। जीत का अंतर 3618 रहा। सरोज जैन पूर्व में पार्षद रहे अनिल जैन टीनू की पत्नी है।



**हिसार।** प्रवीन पोपली को प्रमाण पत्र देते रिटर्निंग अधिकारी हरबीर सिंह।



मेयर प्रवीन पोपली को कंधे पर बैठाकर खुशी मनाते समर्थक।




मतगणना पूरी होने के बाद बाहर आते डीसी अनीश यादव।

**चुनाव परिणाम**

**647 दिन के लंबे इंतजार के बाद बुधवार को नगरपालिका की चेयरमैन**

# सिवानी नगर पालिका चुनाव में कड़ा मुकाबला, भाजपा समर्थक वंदना केडिया चेयरपर्सन चुनी गई, दूसरे स्थान पर रही अनु लोहिया को 1251 वोट से हराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवानी मंडी

शहर की छोटी सरकार बनाने के लिए नगरपालिका चुनावों की मतगणना बुधवार को शांतिपूर्ण माहौल के बीच संपन्न हुई। सिवानी की जनता को 647 दिन के लंबे इंतजार के बाद बुधवार को नगरपालिका की चेयरमैन मिल गई है। एसडीएम एवं सिवानी नगर पालिका के रिर्टनिंग अधिकारी विरेन्द्र सिंह ने बताया कि सिवानी नगर पालिका चेयरपर्सन पद के लिए वंदना केडिया को निर्वाचित घोषित किया गया है। सिवानी के 13185 मतदाताओं ने वंदना राजेश केडिया के सिर चेयरपर्सन का ताज सजाया। वंदना ने दूसरे स्थान पर रही अनु लोहिया को 1251 वोट से हराया। सुबह मतगणना में शुरू हुई, जिसमें पहले 15 पार्षद व अध्यक्ष पद की 2 राउंड में काउंटिंग हुई। जिसमें वार्ड नंबर 1 में मांगे राम ने सुनील कुमार को 114 वोट से हराकर 477 वोट प्राप्त किए। वार्ड नंबर 02 में प्रणव गोयल ने दीपक थापन को 398 वोटों से हराकर 624 वोट प्राप्त किए। वार्ड नंबर 3 में संजय राणा ने सुरेंद्र सिंह को 44 वोटों से हराकर 327 वोट प्राप्त किए। वार्ड नंबर 4 में प्रीति देवी ने सुनीता कुमारी को 187 वोटो से हराकर 500 वोट प्राप्त किए। वार्ड नंबर 5 में नीलम ने ज्योति बादल को 80 वोटों से हराकर 458 वोट प्राप्त किए, वार्ड नंबर 6 में अनिल कुमार ने ईश्वर सिंह को 212 वोटों से हराकर 371 वोट प्राप्त किए। वार्ड नंबर 7 में सुषमा देवी ने सपना को 20 वोटो से हराकर 346 वोट प्राप्त किए। वार्ड नंबर 8 में आनंद जांगड़ा ने राजेश जांगड़ा को 164 वोटो से हराकर 292 वोट प्राप्त किए। वार्ड नंबर 9 में दीप चंद निर्विरोध चुना गया । वार्ड नंबर 10 में भीम सिंह ने राहुल को 112 वोटो से हराकर 350 वोट प्राप्त किए ए वार्ड 11 में पुरुषोत्तम कुमार ने रामविलास को 185 वोटो से हराकर 429 वोट प्राप्त किए। वार्ड 12 में कांता ने निशा रानी को 172 वोटो से हराकर 516 वोट प्राप्त किए । वार्ड 13 में मामो देवी ने सरोज दलाल को 72 वोटो से हराकर 279 वोट प्राप्त किए। वार्ड 14 में नरेंद्र ख्यालिया ने सुभाष को 343 वोटो से हराकर 669 वोट प्राप्त किए । वार्ड 15 में सुमन सोनी ने हेमलता बिट्टू को 48 वोटो से हराकर 547 वोट प्राप्त किए । वार्ड 16 में कुलदीप ने जगदीश भांभू को 200 वोटो से हराकर 520 वोट प्राप्त किए ।



**हिसार।** नवनिर्वाचित चेयरपर्सन वंदना केडिय व उनके पति राजेश केडिया।

### चेयरपर्सन वंदना के पति भावुक हुए

नवनिर्वाचित चेयरपर्सन वंदना केडिया के पति राजेश केडिया भावुक हुए और कहा कि जीत के बाद ट्रिपल इंजन की सर कार अब तेजी से विकास कार्य कर पाएंगी, जिससे आमजन के जीवन स्तर में सुधार होगा। उन्होंने कहा कि सभी विजयी प्रत्याशी आमजन की सभी मूलभूत सुविधाओं का निवारण कर भाजपा के सबका साथ.सबका विकास व सबका विश्वास के मूलमंत्र को सार्थक करते हुए विकास के नए आयाम स्थापित करेंगे। उन्होंने शहर वासियों को बधाई देत हुए सभी देवतुल्य कार्यकर्ताओं एवं मतदाताओं का आभार जताया।

**अग्रोहा धाम टीलें की खुदाई का कार्य शुरू**

# टीलें की खुदाई के साथ-साथ अग्रोहा को पर्यटन स्थल बनाना चाहिए : गर्ग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

वैश्य समाज के प्रतिनिधियों की मीटिंग अग्रोहा धाम अग्रोहा विकास ट्रस्ट के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बजरंग गर्ग की अध्यक्षता में हुई। इस मीटिंग में अग्रोहा धाम की मांग पर सरकार द्वारा टीलें की खुदाई का काम शुरु करने पर खुशी जाहिर की गर्ग ने टीलें का निरीक्षण किया। अग्रोहा धाम के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बजरंग गर्ग ने उपस्थित प्रतिनिधियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि सरकार को अग्रोहा धाम टीलें की खुदाई के साथ-साथ अग्रोहा को पर्यटन स्थल बनाना चाहिए। अग्रोहा टीलें की खुदाई वर्ष 1978 से 1981 तक पहले हुई थी। उस खुदाई में सिक्के, पत्थर की मुर्ति, मुहरे, लोहे व तांबे के उपकार, सिपिया अन्य काफी कीमती समान मिला था। अग्रोहा धाम टीलें में इतिहास कि भण्डार दबा हुआ है जिसमें महाराजा अग्रसेन जी की जीवनी है।




अग्रोहा धाम वैश्य समाज के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बजरंग गर्ग अग्रोहा धाम टीलें का निरीक्षण करते हुए।











स्टार्स टिप्स

# सेलिब्रेट करते हैं होली लेकिन जरा संभलकर...

होली ऐसा त्योहार है, जिसका मजा सभी लेते हैं। लेकिन इस दौरान अपनी हेल्थ का ध्यान रखना भी जरूरी है। यहां कुछ टीवी एक्टर्स हरिभूमि को बता रहे हैं कि होली सेलिब्रेशन के दौरान वे क्या सावधानियां बरतते हैं?

## कलर रिमूव करने के लिए नेचुरल तरीके अपनाता हूं: सवी ठाकुर



**सन नियो** चैनल पर हाल ही में लांच हुए शो 'रिश्तों से बंधी गौरी' में रुद्र का किरदार निभा रहे सवी ठाकुर होली पर रंग खेलने और इस दौरान हेल्थ केयर के अपने तरीके के बारे में बताते हैं, 'मैं केमिकल वाले रंगों से होली नहीं खेलता हूं। हालांकि चाहे जितना भी बचाव किया जाए, लोग केमिकल वाले रंग इस्तेमाल करते ही हैं। ये रंग आंखों, नाक या मुंह में चले जाएं तो काफी नुकसान पहुंचा सकते हैं। इसलिए मुझे यह ठीक नहीं लगता। लेकिन बचपन में जब मैं होली खेलता था, तब अपनी त्वचा की सुरक्षा के लिए शरीर पर नारियल का तेल लगाकर जाता था। मुझे लगता है कि यह सबसे अच्छा और प्राकृतिक उपाय है, जिससे रंग आसानी से नहीं चिपकते और त्वचा को भी पोषण मिलता है।

अगर शरीर पर रंग लग जाए तो मैं त्वचा को साफ करने के लिए हल्के और प्राकृतिक उपाय ही अपनाता हूं। बेसन, हल्दी और दही का मिश्रण एक अच्छा विकल्प होता है, जिससे त्वचा से रंग भी हट जाता है और नमी भी बनी रहती है। इसके अलावा गुलाब जल से चेहरा धोना या एलोवेरा जैल लगाना भी काफी फायदेमंद होता है। होली के बाद त्वचा को हाइड्रेट रखना बहुत जरूरी होता है, इसलिए खूब पानी पीना और मॉयश्चराइजर लगाना नहीं भूलना चाहिए।' *

## पूरी तैयारी के बाद ही होली खेलने निकलता हूं: योगेश त्रिपाठी



**एंड टीवी** के शो 'हप्पू की उलटन-पलटन' में योगेश त्रिपाठी दारोगा हप्पू सिंह का रोल निभा रहे हैं। होली पर रंगों के बैड इफेक्ट्स से स्किन को बचाने के लिए वे क्या करते हैं, पूछने पर बताते हैं, 'होली रंगों का त्योहार है, लेकिन कुछ रंगों में मिले रसायन त्वचा और स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकते हैं। इसलिए, मैं हमेशा पहले से कुछ तैयारियां करता हूं ताकि सुरक्षित तरीके से होली मना सकूं। होली खेलने से पहले मैं अपनी त्वचा पर नारियल या सरसों का तेल अच्छी तरह से लगाता हूं, जिससे रंग सीधे त्वचा पर असर न करे और आसानी से हट जाए। इसके अलावा, मैं होली खेलने के दौरान पूरी बाजू के कपड़े पहनता हूं ताकि शरीर कम से कम रंगों के संपर्क में आए। आंखों और बालों की सुरक्षा के लिए मैं सनग्लासेस पहनता हूं और बालों में तेल लगाकर होली खेलने बाहर निकलता हूं। होली खेलने के बाद चेहरे और त्वचा का विशेष ख्याल रखना जरूरी होता है। मैं सबसे पहले हल्के गुनगुने पानी से चेहरा धोता हूं और फिर दही या बेसन का पैक लगाता हूं ताकि रंग कोमलता से निकल जाए। किसी भी केमिकल युक्त साबुन या स्क्रब का इस्तेमाल नहीं करता क्योंकि इससे त्वचा रूखी हो सकती है।' *

## अपने बालों और स्किन की करता हूं प्रॉपर केयर: रोहित सुचांती



**जी टीवी** के शो 'भाग्य लक्ष्मी' में ऋषि की भूमिका निभाने वाले रोहित सुचांती होली खेलने और इस दौरान अपनी हेल्थ केयर के बारे में बताते हैं, 'होली हमेशा से ही मेरे पसंदीदा त्योहारों में से एक रहा है। ऐसा सिर्फ रंगों की वजह से नहीं है, बल्कि ऐसा इसलिए है क्योंकि मेरे बचपन की कई खूबसूरत यादें इस पर्व से जुड़ी हुई हैं। मुझे आज भी बचपन के वो बेफिक्री वाले दिन याद हैं, जब मैं और मेरे दोस्त रंगों से खेलते थे, एक-दूसरे को पानी से भिगोते थे। इस फेस्टिवल को खूब एंज्वॉय करते थे।

होली को लेकर आज भी मुझमें वैसा ही उत्साह है। लेकिन अब मैं अपनी त्वचा और बालों का खास ख्याल रखता हूं। इसके लिए मैं हमेशा नेचुरल कलर्स से होली खेलना पसंद करता हूं। साथ ही हार्मफुल केमिकल्स से अपनी स्किन और बालों को बचाने के लिए होली खेलने से पहले कोकोनट या आल्मंड ऑयल स्किन पर लगाता हूं। यह हार्मफुल केमिकल्स और हमारी स्किन के बीच बैरियर का काम करता है। होली खेलने के बाद, मैं माइल्ड क्लींजर का इस्तेमाल करता हूं। इसके बाद मॉयश्चराइजर का इस्तेमाल करता हूं ताकि मेरी स्किन हाइड्रेटेड रहे। अपने बालों को मैं सल्फेट-फ्री शैंपू से धोता हूं और बालों में रूखापन न आए इसके लिए मैं अपने बालों की डीप कंडीशनिंग करता हूं। अपने सभी फैंस से मैं यही कहूंगा कि ईकोफ्रेंडली ढंग से इस खूबसूरत त्योहार को एंज्वॉय करें। अपना ध्यान रखें और सुरक्षित रहें।' *

**प्रस्तुति: सेहत फीचर्स**

---

होली स्पेशल

कल होली है। इसे मनाने की, जमकर रंग खेलने की तैयारी आपने कर ली होगी। लेकिन अगर आपकी उम्र अधिक हैं या डायबिटीज, हाई बीपी, एलर्जी या अस्थमा के पेशेंट हैं तो होली खेलने के दौरान आपको कुछ बातों का ध्यान रखना होगा। ऐसा न करने पर आपकी हेल्थ संबंधी परेशानी बढ़ सकती है। इस बारे में स्पेशलिस्ट डॉक्टर्स के यूजफुल सजेशंस।

डॉक्टर्स एडवाइस

# अगर आप हैं बुजुर्ग-बीमार होली पर रखें अपना ध्यान







होली रंग और मस्ती का पर्व है। इसे सभी उत्साह और उल्लास से मनाना चाहते हैं। लेकिन अगर आपको डायबिटीज, अस्थमा, हाई ब्लड प्रेशर या किसी तरह की एलर्जी है, तो इस खुशी में जरा संभलकर शामिल होना जरूरी है। खासकर बुजुर्गों को और भी सतर्क रहने की जरूरत होती है ताकि त्योहार के मजे के साथ स्वास्थ्य संबंधी कोई परेशानी न बढ़े।

### डायबिटिक पेशेंट्स ऐसे करें केयर

होली के मौके पर डायबिटीज के पेशेंट्स किस तरह की सावधानियां बरतें, इस बारे में श्री बालाजी एक्शन मेडिकल इंस्टीट्यूट, दिल्ली में प्रिंसिपल कंसल्टेंट-एंडोक्राइनोलॉजी एंड ओबेसिटी मेडिसिन, **डॉ. साकेत कांत** कहते हैं- डायबिटीज के मरीजों को होली पर मीठे व्यंजनों को खाने से खासतौर पर बचना चाहिए, क्योंकि इस दिन तरह-तरह की मिठाइयां जैसे गुझिया या गुलाब जामुन आदि का सेवन किया जाता है। मिठाइयों की जगह घर पर बनी हेल्दी चीजे खाएं, जैसे सूखे मेवों से बनी मिठाइयां। ठंडाई में ज्यादा शक्कर या भांग न डालें, क्योंकि यह शुगर लेवल बढ़ा सकती है। त्योहार के दिन भी दवाइयां समय पर लें और ब्लड शुगर लेवल चेक करते रहें। बहुत ज्यादा भाग-दौड़ या ज्यादा देर तक खाली पेट न रहें। इसके अलावा कुछ सावधानियां भी बरतें जैसे- बाजार की मिठाइयां या ज्यादा तली-भुनी चीजें खाने से बचें। बहुत ज्यादा देर धूप में न रहें, इससे डिहाइड्रेशन हो सकता है। होली के दौरान थकावट या कमजोरी महसूस हो तो तुरंत कुछ खाएं और आराम करें।

### अस्थमा-हाई बीपी मरीजों के लिए सावधानी

अस्थमा और हाई बीपी के मरीजों को भी होली पर अपना पूरा ध्यान रखना जरूरी है।



इस बारे में अपोलो स्पेक्ट्रा हॉस्पिटल, करोल बाग, दिल्ली में पल्मोनोलॉजिस्ट, **डॉ. प्रीतपाल कौर** कहती हैं- होली के रंगों में कई बार केमिकल होते हैं, जो अस्थमा के मरीजों के लिए खतरनाक हो सकते हैं। रंगों से निकलने वाली धूल और गुलाल सांस के जरिए फेफड़ों में जाकर परेशानी बढ़ा सकते हैं। इसलिए होली खेलने से पहले घर से निकलने पर इनहेलर साथ रखें। ऑर्गेनिक रंगों का इस्तेमाल करें और गुलाल को सीधे चेहरे पर न लगने दें। होली खेलने के बाद नहाने के तुरंत बाद भाप लें, जिससे फेफड़ों में जमे रंग के कण बाहर निकल सकें। ज्यादा धूल भरी जगहों पर जाने से बचें और मास्क पहनें। वहीं बचाव के तौर पर सूखे गुलाल या पावडर वाले रंगों से बचें, क्योंकि ये सांस की नली में जाकर दिक्कत बढ़ा सकते हैं। रंगों के माहौल में ज्यादा देर तक न रहें, खासकर खुले मैदानों में जहां हवा में रंग उड़ता रहता है। इसके अलावा भीड़-भाड़ वाली जगहों पर न जाएं, जहां धुआं, धूल और रंगों का मिलावटी असर ज्यादा हो। इसके अलावा हाई बीपी के मरीजों को होली के दौरान बहुत ज्यादा एक्साइटमेंट या दौड़-भाग से बचना चाहिए। ज्यादा शोर-शराबा, अधिक तली-भुनी चीजें और तनाव, ब्लड प्रेशर को बढ़ा सकते हैं। बहुत ज्यादा शारीरिक मेहनत करने से बचें और अपने शरीर को ज्यादा थकाएं नहीं। खूब पानी पिएं ताकि शरीर हाइड्रेट रहे और ब्लड प्रेशर नियंत्रण में रहे। किसी भी पार्टी में जाएं तो अपने खाने-पीने का ध्यान रखें और बहुत ज्यादा नमक वाली डिशेज न खाएं। दवाइयां समय पर लें और ब्लड प्रेशर मॉनिटर करते रहें। बहुत ज्यादा कैफीन वाले ड्रिंक का सेवन न करें, क्योंकि यह ब्लड प्रेशर बढ़ा सकती हैं। बहुत ज्यादा देर तक खाली पेट न रहें।



### एलर्जी से ग्रसित लोग ऐसे करें बचाव

होली के रंगों में अकसर केमिकल और हानिकारक पदार्थ होते हैं, जो एलर्जी को ट्रिगर कर सकते हैं। ऐसे लोगों को विशेष रूप से ध्यान रखना चाहिए। होली खेलने से पहले अपने शरीर पर नारियल या सरसों का तेल लगाएं, जिससे रंग स्किन पर चिपके नहीं। अगर आपको धूल, रंग या किसी भी चीज से एलर्जी है, तो मास्क पहनें और फुल स्लीव्स ड्रेस पहनें। रंगों से अगर स्किन पर एलर्जी हो तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें और एंटी-एलर्जिक दवा लें। सिंथेटिक या केमिकल वाले रंगों का इस्तेमाल न करें। *

**प्रस्तुति: सेहत फीचर्स**

### आंखों की सुरक्षा के लिए रखें इन बातों का ध्यान



**होली पर** खेले जाने वाले केमिकल वाले रंगों से आंखों को भी नुकसान हो सकता है। इससे बचने के लिए क्या उपाय करने चाहिए इस बारे में छत्रपति शिवाजी सुभारती हॉस्पिटल, मेरठ में कंसल्टेंट ऑप्थाल्मोलॉजिस्ट, **डॉ. मालविका धर** सजेस्ट करती हैं, होली खेलने से पहले सनग्लासेस पहनें ताकि रंग और गुलाल आंखों में न जाए। अगर रंग आंखों में चला जाए, तो तुरंत साफ पानी से धो लें और आंखों को न रगड़ें। केमिकल वाले रंगों से होली खेलने से बचें, क्योंकि ये आंखों को नुकसान पहुंचा सकते हैं। केमिकल वाले रंगों से बचें और सिर्फ ऑर्गेनिक या हर्बल रंगों का इस्तेमाल करें।
होली खेलने के बाद तुरंत ज्यादा गरम पानी से न नहाएं, बल्कि गुनगुने पानी से धीरे-धीरे रंग हटाएं।

---

अवेयरनेस


**डॉ. श्रीराम काबरा**
क्लीनिकल डायरेक्टर-नेफ्रोलॉजी एंड किडनी ट्रांसप्लांट मेडिसिन, मैरिंगो एशिया अस्पताल, फरीदाबाद


स्पेशल: वर्ल्ड किडनी-डे

हमारे शरीर में ब्लड क्लीनिंग और टॉक्सिंस को बाहर निकालने के लिए एक जोड़ी छोटा-सा ऑर्गन किडनी होता है। कई बार हमारे अनहेल्दी लाइफस्टाइल, गलत आदतों या अन्य कारणों से ये ठीक तरह से काम नहीं कर पाते हैं। ऐसा आपके साथ न हो, इसके लिए प्रॉपर केयर करना जरूरी है।

# जरा भी न बरतें लापरवाही किडनी की करें प्रॉपर केयर





डब्ल्यूएचओ के हिसाब से दुनिया भर में लगभग 85 करोड़ लोगों को किडनी डिजीज होने का अनुमान है। 10 में से 1 व्यक्ति किडनी की किसी न किसी डिजीज का शिकार है। जबकि 10 में से 9 व्यक्ति इस बात से अंजान होते हैं कि उन्हें किसी तरह की किडनी डिजीज है और वो समय पर अपना इलाज नहीं करवाते। जबकि प्रारंभिक स्तर पर ही इलाज शुरू कर दिया जाए तो काफी हद तक इसे डैमेज होने से बचाया जा सकता है। वैश्विक आधार पर देखें तो हार्ट डिजीज, स्ट्रोक और श्वसन रोगों के विपरीत किडनी डिजीज से होने वाली मृत्यु दर निरंतर बढ़ रही है। 2040 तक नॉन-कम्यूनिकेबल डिजीज से होने वाली मौतों का पांचवां सबसे बड़ा कारण किडनी डिजीज होगा। किडनी डिजीज के प्रति लोगों में जागरुकता लाने के लिए हर साल मार्च के दूसरे गुरुवार को वर्ल्ड किडनी डे मनाया जाता है। इस साल की थीम है-'क्या आपकी किडनी ठीक है? जल्दी पता लगाएं, किडनी के स्वास्थ्य की रक्षा करें।'

**किडनी खराब होने के कारण:** कई कारणों से किडनी के फिल्टर्स को नुकसान पहुंचता है, जिसकी वजह से किडनी ठीक तरह से काम नहीं कर पाती। ध्यान न देने पर धीरे-धीरे खराब होने लगती है। जैसे-हेल्दी लाइफस्टाइल न होना, पोषक-संतुलित आहार के बजाय जंक या प्रोसेस्ड फूड का सेवन ज्यादा करना, आहार में नमक और चीनी की मात्रा अधिक होना, पानी या लिक्विड डाइट कम लेना, व्यक्ति को लंबे समय से अनकंट्रोल ब्लड प्रेशर और ब्लड शुगर का होना या फैमिली हिस्ट्री होना, किडनी स्टोन होना जिससे किडनी के फिल्टर्स में सूजन यानी आईजीएन नेफ्रोपैथी आ जाना, पाइलोनेफ्राइटिस जैसे किडनी इंफेक्शन होना, कई तरह के नेचुरल या आर्टिफिशियल हेल्थ प्रोडक्ट्स, हेल्थ टॉनिक या प्रोटीन सप्लीमेंट्स के गैर-जरूरी सेवन से किडनी में इंटरस्टीशियल नैफ्राइटिस एलर्जी होना, पेनकिलर, एंटी बायोटिक या किसी भी मेडिसिन का ज्यादा सेवन करना, आनुवांशिक किडनी बीमारियां होना जैसे-ऑटोसोमल डॉमिनेंट पॉलीसिस्टिक किडनी डिजीज, हाइपरॉक्सालुरिया (किडनी पथरी), नेफ्रोनोफ्थिसिस डिसऑर्डर, रूमेटॉयड आर्थराइटिस या मिक्स कनेक्टिव टिशू डिसऑर्डर जैसी ऑटोइम्यून डिजीज होना।

**शरीर पर क्या होता है असर:** किडनी खराब होने की वजह से शरीर के कई ऑर्गन प्रभावित होते हैं और कई तरह की समस्याएं उभर कर आती हैं-

- शरीर के विभिन्न हिस्सों जैसे-चेहरे, पैर और टखनों में सूजन आ जाती है। शिथिलता या सुस्ती,कमजोरी, थकावट ज्यादा महसूस होती है। पानी लंग्स तक पहुंच जाता है, जिससे सांस लेने में परेशानी होती है।
- यूटीआई इंफेक्शन होना। बार-बार यूरिन पास करने की इच्छा होना या यूरिन रुक-रुक कर आना। सामान्य से अधिक या कम यूरिन आना, दिन के बजाय रात को यूरिन ज्यादा आना। यूरिन में एलब्यूमिन-एथ्रोप्रोटीन नामक प्रोटीन का रिसाव होना, यूरिन का पीला या भूरे रंग का होना, झाग आना या बदबू आना, यूरिन करते हुए जलन होना।
- फिल्टर न कर पाने के कारण ब्लड में यूरिया, क्रिएटिनिन और दूसरे टॉक्सिन का लेवल बढ़ जाता है।
- बाहर न निकलने पर शरीर में जमा होने वाले टॉक्सिन ब्लड प्रेशर का लेवल बढ़ाते हैं। हार्ट पर प्रेशर डालने के अलावा हाई ब्लड प्रेशर शरीर के कई अंगों को प्रभावित करता है। हार्ट फैलियर, विजन लॉस या ब्लाइंडनेस की संभावना कई गुना बढ़ जाती है।
- विटामिन डी का निर्माण कम होने से हड्डियां कमजोर होने लगती हैं और फ्रैक्चर होने का रिस्क बढ़ जाता है। कूल्हे और कंधे की मसल्स पर सबसे ज्यादा असर पड़ता है। शरीर खासकर कमर के निचले हिस्से और हाथ-पैरों में दर्द रहना। बैठ कर उठने, सीढ़ियां चढ़ने, हाथ उठाकर कंघी करने, ऊपर से सामान निकालने, शर्ट पहनने में कठिनाई होती है। कमर के निचले हिस्से खासकर दोनों साइड दर्द रहना।

**डायग्नोसिस के तरीके:** किडनी फंक्शन की जांच के लिए ग्लोमेरुलर फिल्ट्रेशन रेट (जीएफआर) टेस्ट किया जाता है। इसके अलावा किडनी डिजीज का पता लगाने के लिए 3-4 टेस्ट किए जाते हैं- किडनी का अल्ट्रासाउंड, यूरिन का रूटीन टेस्ट, यूरिन में प्रोटीन के रिसाव की जांच, ब्लड में यूरिया, क्रिएटनिन और इलेक्ट्रोलाइट्स टेस्ट।

**कैसे होता है उपचार:** मरीज और रोग की स्थिति के हिसाब से उपचार किया जाता है। डायबिटीज और हाई ब्लड प्रेशर को पहले कंट्रोल किया जाता है। एक्यूट किडनी फैल्योर के मरीज का उपचार अगर सही समय पर शुरू कर दिया जाता है, तो मेडिसिन से भी स्थिति में सुधार हो सकता है। लेकिन जब किडनी अपने रूटीन फंक्शन करने में असमर्थ हो जाती है और लाइफ-थ्रेटनिंग सिंप्टम्स आने शुरू हो जाते हैं, तो डायलिसिस का सहारा लिया जाता है। ऐसी स्थिति में किडनी का फिल्ट्रेशन फंक्शन 15 एमएल या उससे भी कम रह जाता है या क्रिएटनिन अचानक बढ़ जाता है। ऐसी कंडीशन में तुरंत डॉक्टर से कंसल्ट करना चाहिए। * **प्रस्तुति: रजनी अरोड़ा**

### ऐसे करें किडनी केयर



- लाइफस्टाइल सही रखें। रोजाना कुछ देर व्यायाम और योगाभ्यास जरूर करें।
- पोषक तत्वों से भरपूर संतुलित आहार का सेवन करें। प्रोटीन सीमित मात्रा में ही लें। मांसाहारी खाद्य पदार्थों के बजाय प्लांट बेस्ड प्रोटीन को प्रेफर करें।
- किडनी संबंधी कोई भी समस्या हो तो पोटेशियम रिच फलों से बचें। पालक, साग, टमाटर, रेड मीट, अंडा जैसी चीजों से परहेज रखें।
- यथासंभव जंक, पैकेज्ड और प्रोसेस्ड फूड खाने से परहेज करें।
- रोजाना 4-5 ग्राम से ज्यादा नमक न खाएं। खाने में ऊपर से नमक न डालें। चीनी भी सीमित मात्रा में यानी दिन भर में 20-25 ग्राम से ज्यादा न लें। हाइड्रेशन स्टेटस मेंटेन रखें। मौसम, शरीर और काम के हिसाब से पानी पिएं। सर्दियों में 2 लीटर से ज्यादा और गर्मियों में ढाई से तीन लिटर पानी या लिक्विड पीना चाहिए।

---

डॉक्टर्स सजेशन




**डॉ. आर. पी. सिंह**
सीनियर फिजिशियन, एनसीआर


# अगर केमिकल वाले कलर्स से हो एलर्जी



**मेरी उम्र 33 वर्ष है। होली पर जब भी मैं रंग-गुलाल खेलता हूं तो स्किन पर लाल-लाल दाने और चकत्ते निकल आते हैं। कृपया कोई उपाय बताएं, ताकि मुझे इस प्रॉब्लम का सामना न करना पड़े।**

**-अक्षत, रायपुर**

कुछ लोगों को केमिकल कलर्स से एलर्जी होती है। होली के अवसर पर बाजार में बिकने वाले ज्यादातर रंग-गुलाल में केमिकल मिला होता है। केमिकल के संपर्क में आने से ही शरीर पर एलर्जी हो जाती है और इचिंग शुरू हो जाती है। इससे बचाव के लिए कोशिश करें कि नेचुरल कलर से ही होली खेलें। होली खेलने से पहले पूरे शरीर पर नारियल का तेल लगा लें।

**मेरी उम्र 50 वर्ष है। मुझे हाई बीपी और अस्थमा की समस्या है। होली के अवसर पर मुझे कोई प्रॉब्लम न हो, इसके लिए मुझे क्या सावधानियां बरतनी चाहिए, प्लीज बताएं।**

**-सत्यवीर, भोपाल**

रंग-गुलाल से ब्लड प्रेशर का सीधा संपर्क नहीं है, लेकिन जैसा आप बता रहे हैं कि आप अस्थमा के भी पेशेंट हैं, इसलिए आपको अधिक सावधानी बरतने की जरूरत है। होली खेलते वक्त मास्क लगाएं। क्योंकि आप ब्लड प्रेशर के मरीज हैं इसलिए अधिक नमक वाली चीजों का सेवन कम करें। होली खेलने से पहले पूरे शरीर पर नारियल तेल जरूर लगाएं।

**मेरी उम्र 48 वर्ष है। मेरे तलवों, एड़ियों और हथेलियों में कभी-कभी सुई की चुभन जैसा तेज दर्द होता है। ऐसा क्यों होता है? कृपया बताएं मुझे क्या करना चाहिए?**

**-राजेश, बिलासपुर**

आपकी बीमारी जानकर ऐसा लग रहा है कि आपको नर्वस सिस्टम से जुड़ी कोई परेशानी है, इसलिए बगैर जांच कराए कुछ भी कहना मुश्किल है। आपको पहले मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ से संपर्क कर जांच करानी चाहिए। इस बात का ध्यान रखें कि बगैर जांच कराए, कारण जानें, कोई भी ट्रीटमेंट न कराएं।

**मेरी उम्र 26 वर्ष है। पिछले कुछ दिनों से पढ़ते वक्त मेरी आंखों से पानी आने लगता है, जलन होती है और सिर दर्द भी शुरू हो जाता है। प्लीज मेरी इस प्रॉब्लम का सॉल्यूशन बताएं।**

**-तुषार, बलौदा बाजार**

आपकी समस्या सुनकर ऐसा लग रहा है कि आंखों की रोशनी कमजोर हो रही है, क्योंकि रोशनी कमजोर होने से सिर दर्द और पानी आने जैसे लक्षण दिखते हैं। कई बार मस्तिष्क रोग के कारण भी सिर दर्द होता है। लेकिन शुरुआती लक्षणों से लग रहा है कि आप की आंखें कमजोर हैं, इसलिए आप पहले आंखों की जांच कराएं, उसके बाद ही उपचार होगा।

**मेरी उम्र 63 वर्ष है। मेरा पेट अकसर गड़बड़ रहता है। कभी कब्ज, तो कभी लूज मोशन की समस्या होती रहती है। कोई उपचार बताने का कष्ट करें।**

**-कुशेश्वर, हिसार**

आपकी समस्या सुनकर ऐसा लग रहा है कि आपकी पाचन क्रिया प्रभावित है। इस वजह से लूज मोशन होते हैं। सबसे पहले आप अपने खान-पान में सुधार करें। अधिक ऑयली और स्पाइसी खाना बिल्कुल न खाएं। खाने में सलाद और दही जरूर शामिल करें। इसके अलावा रात में गरिष्ठ भोजन न करें। *

**प्रस्तुति: रिचा पांडे**

## खबर संक्षेप


हिसार। नशा मुक्त भारत अभियान के मास्टर वालंटियर राहुल शर्मा।

### धूम्रपान छोड़कर स्वस्थ जीवनशैली अपनाएं

**हिसार।** जिला नागरिक अस्पताल के काउंसलर एवं नशा मुक्त भारत अभियान के मास्टर वालंटियर राहुल का कहना है कि तंबाकू में मौजूद हानिकारक रसायन न केवल व्यक्ति को गंभीर बीमारियों से ग्रसित करते हैं, बल्कि धीरे-धीरे मौत के करीब भी ले जाते हैं। ऐसे में हमें तंबाकू व अन्य नशों का कभी प्रयोग नहीं करना चाहिए। राहुल शर्मा बुधवार को जिले के गांव शिकारपुर में गुरु दक्ष राजकीय बहुतकनीकी संस्थान की ओर से राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत आयोजित कैंप में ग्रामीणों व विद्यार्थियों को संबोधित कर रहे थे। वे कैंप में मुख्य वक्ता रहे जबकि अध्यक्षता कार्यक्रम अधिकारी सोनू सिंह ने की। इस कार्यक्रम के दौरान गांव के युवाओं और बुजुर्गों ने धूम्रपान और नशीले पदार्थों से दूर रहने की शपथ ली।

### बॉडी बिल्डिंग चैम्पियनशिप का आयोजन 16 मार्च को

**फतेहाबाद।** दी फतेहाबाद बॉडी बिल्डिंग एवं फिजिक स्पोर्ट्स एसोसिएशन द्वारा मिस्टर हरियाणा सीनियर व मिस्टर फतेहाबाद 2025 बॉडी बिल्डिंग चैम्पियनशिप का आयोजन 16 मार्च को किया जाएगा। इस चैम्पियनशिप को लेकर बॉडी बिल्डिरों में काफी उत्साह है और एसोसिएशन द्वारा भी चैम्पियनशिप को लेकर जोर-शोर से तैयारियां की जा रही हैं।

यह जानकारी देते हुए एसोसिएशन के महासचिव सुभाष आर्य ने बताया कि इस चैम्पियनशिप में पूरे हरियाणा से बॉडी बिल्डर भाग लेंगे। इस चैम्पियनशिप का आयोजन एमएम कॉलेज में किया जाएगा।

### शैक्षणिक विकास पर कार्यशाला आयोजित

**टोहाना।** भूना रोड स्थित डिफेंस पीजी कॉलेज ऑफ एजुकेशन में शैक्षणिक विकास पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में डॉ. ईशा सहायक आचार्या अग्रेंजी, कुमारी विद्यावती आनंद डीएवी महिला महाविद्यालय करनाल ने शैक्षणिक विकास पर विभिन्न बिंदुओं पर जानकारी दी।

### शहर की जनता के विश्वास पर खरा उतरते हुए विकास को गति देगी निगम सरकार : डॉ. कमल गुप्ता

# निगम चुनाव में प्रंचड जीत पर सत्तारूढ़ भाजपा ने होली व दीवाली एक साथ मनाई, गुलाल लगाकर खिलाई मिठाई

### जनता ने ट्रिपल इंजन की सरकार बनाकर किया विकास का मार्ग प्रशस्त : अशोक सैनी

भाजपा कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर दी बधाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

नगर निगम चुनाव में प्रंचड जीत पर सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी ने होली व दीवाली एक साथ मनाई। जीत के जश्न में पार्टी नेताओं व कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली खेली वहीं मिठाई खिलाकर दीवाली का अहसास करवाया। नगर निगम चुनाव में जहां भाजपा के मेयर उम्मीदवार प्रवीण पोपली ने ऐतिहासिक जीत दर्ज की है वहीं 20 में से 17 वार्डों में उसके पार्षद भी विजयी हुए हैं। एक वार्ड में कांग्रेस व दो में आजाद उम्मीदवार चुनाव जीते हैं। जैसे ही चुनाव परिणामों की घोषणा हुई तो भाजपा खेमें गुलाल उड़ने लगा और एकत्रित कार्यकर्ता एक-दूसरे को बधाई देने लगे।

#### विजयी जुलूस निकाला

जीत के बाद मेयर प्रवीण पोपली सहित कई पार्षदों ने विजयी जुलूस भी निकाला और जनता का आभार जताया। ऐतिहासिक जीत पर भाजपा मेयर व अन्य पार्षदों के साथ पूर्व मंत्री डॉ. कमल गुप्ता, जिला अध्यक्ष अशोक सैनी एवं अन्य पदाधिकारी मौके पर पहुंच गए और कहा कि जनता ने ट्रिपल इंजन की सरकार बनाकर भाजपा में अपना विश्वास जताया है। जीत के जश्न में भाजपा नेताओं ने दावा किया कि केन्द्र व प्रदेश के बाद नगर निगम की सरकार जनता की आशाओं के अनुरूप काम करेगी।


हिसार। जीत का जश्न मनाते प्रत्याशी व उनके समर्थक। फोटो :हरिभूमि

#### प्रवीन पोपली की ऐतिहासिक जीत : राड़ा

**हिसार।** भाजपा के मेयर प्रत्याशी प्रवीन पोपली की ऐतिहासिक जीत होने पर भाजपा नेता रामनिवास राड़ा ने उन्हें बधाई दी। राड़ा ने कहा कि भाजपा ने एक साधारण कार्यकर्ता को टिकट देकर यह साबित कर दिया था की भाजपा कार्यकर्ताओं का पूरा मान सम्मान करने वाला परिवार है, इसलिए प्रवीन पोपली को हिसार की जनता ने ऐतिहासिक जीत दी है। राड़ा ने कहा कि कांग्रेस अब एक फुस पटाखा है ओर आगे आगे जैसे समय निकलेगा कांग्रेस ओर ज्यादा फुस होती चली जाएगी।

### चुनाव आयोग को करेंगे शिकायत पुनः चुनाव करवाए जाने की मांग

कई उम्मीदवारों ने उठाए काउंटिंग प्रक्रिया पर सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

नगर निगम से वार्ड नं. 4 से निर्दलीय प्रत्याशी जय भीम आर्मी के चेयरमैन संजय चौहान के छोटे भाई सुनील चौहान व अन्य पार्षद उम्मीदवारों ने हिसार नगर निगम में वोट की काउंटिंग प्रक्रिया पर आपत्ति दर्ज करवाते हुए पुनः चुनाव करवाने की मांग की है।

उन्होंने कहा कि इसकी शिकायत उपायुक्त के माध्यम से चुनाव आयोग को की जाएगी। वार्ड 4 से उम्मीदवार सुनील चौहान व अन्य उम्मीदवारों जतिन शर्मा, चन्द्रभान, सुरेंद्र सैनी आदि ने बताया कि सुबह चुनावों की गिनती के समय उनके एजेंटों को काउंटिंग में कॉपी व पैन यह कहते हुए अंदर नहीं ले जाने दिया गया कि उन्हें अंदर कापी पैन उपलब्ध करवा दिए जाएंगे जबकि उन्हें किसी प्रकार का कॉपी पैन वहां उपलब्ध नहीं करवाया गया।

■ प्रत्याशी के पहुंचने से पहले ही खुल चुकी थी ईवीएम

इसके अलावा जो भी प्रत्याशी थे उन्हें इवीएम मशीन चैक करवाई गई तब उनकी बैटरी 100 प्रतिशत चार्ज मिली जिससे चुनाव में धांधली के संकेत स्पष्ट नजर आ रहे हैं। प्रत्याशी जाने से पहले ही ईवीएम खुल चुकी थी और गिनती अपने आखिरी चरण में थी।

#### मेयर चुनाव में प्रवीन की जीत के बाद भाजपाइयों ने मनाया जश्न, दी बधाई

**हिसार।** इस मौके पर पूर्व मंत्री एवं वरिष्ठ नेता डॉ. कमल गुप्ता ने कहा कि हिसार की जनता ने नगर निगम में भाजपा की सरकार बनाने के आदेश दिया है। जनता के इस आदेश को सहर्ष स्वीकार करते हुए भाजपा निगम की ओर से करवाए जाने वाले विकास व जनकल्याण के कार्यों को तेज गति से करवाएगी और जनता के विश्वास को कायम रखेगी। मीडिया प्रभारी राजेन्द्र सपड़ा ने बताया कि निगम चुनाव में भाजपा उम्मीदवार प्रवीन पोपली की भारी अंतर से जीत से कार्यकर्ताओं में उत्साह है। जीत के बाद कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाया और एक-दूसरे को बधाई दी।



## आरई एंड आरएफ प्रतिष्ठित आध्यात्मिक संस्थान, मिलकर करेंगे काम : बिश्नोई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय और राजयोग शिक्षा एवं अनुसंधान फाउंडेशन (शिक्षा विंग), माउंट आबू, भारत (आरई एंड आरएफ) के बीच एक मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टेंडिंग (एमओयू) हस्ताक्षरित हुआ है।

इस एमओयू से दोनों संस्थान समाज, अध्यात्म और राष्ट्र निर्माण के लिए मिलकर कार्य करेंगे। यह एमओयू हितधारकों, विशेषकर विद्यार्थियों व शोधकर्ताओं के लिए अत्यधिक लाभकारी होगा। गुजवि की ओर से कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई तथा आरई एंड आरएफ की ओर से ब्रह्मा कुमारीज, एजुकेशन विंग, आरई एंड आरएफ, माऊंट आबू, शांतिवन की अतिरिक्त निदेशक डॉ. बीके लीना ने एमओयू पर पर हस्ताक्षर किए। गुजवि के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने कहा कि आरई एंड आरएफ एक अत्यंत प्रतिष्ठित आध्यात्मिक संस्थान है। प्रयोगशाला में आध्यात्मिक एवं कल्याण, नैतिक मूल्य शिक्षा एवं आध्यात्मिकता पाठ्यक्रमों में वैल्यू एडिड पाठ्यक्रम/डिप्लोमा/प्रमाण पत्र प्रदान करेंगे। डा. बीके लीना ने बताया कि गुजविप्रौवि शिक्षा, अनुसंधान एवं अपने विद्यार्थियों के समग्र विकास के क्षेत्र में शानदार कार्य कर रही है।


एमओयू का आदान-प्रदान करते गुजवि प्रौवि के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई व आरई एंड आरएफ की अतिरिक्त निदेशक डॉ. बीके लीना।

## हरियाणा की 10 सदस्यीय टीम का चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

राष्ट्रीय महिला मुक्केबाजी चैम्पियनशिप के लिए तोशाम रोड स्थित अखिल कुमार बॉक्सिंग क्लब में हरियाणा टीम का चयन किया गया। हरियाणा बॉक्सिंग संघ के अध्यक्ष मेजर सत्यपाल सिंधु और हरियाणा बॉक्सिंग संघ के महा सचिव रविंद्र पान्नू ने बताया कि 8वीं राष्ट्रीय महिला मुक्केबाजी चैम्पियनशिप का आयोजन नोएडा में 21 से 28 मार्च तक किया जाएगा। आज करवाए गए ट्रायल में प्रदेश के विभिन्न भागों 52 लड़कियों ने भाग लिया था। ट्रायल के अवसर पर ओलम्पियन अर्जुन अवार्डी डीएसपी.अखिल कुमार के अतिरिक्त सूबे सिंह बैनीवाल, ओमबीर हुड्डा, पूनम बैनीवाल, भगत सिंह लौरा, अजमेर पान्नू, हितेश देसवाल, सुनील राणा, विकास लोहान, बॉक्सिंग कोच रणबीर सहित संघ के अनेक सदस्य भी मौजूद थे। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भार श्रेणियों में बदलाव के कारण चयन ट्रायल करवाए गए थे।



#### इन महिला बॉक्सर का हरियाणा टीम में हुआ चयन

48 किलोग्राम में नीतू (भिवानी), 51 किलोग्राम में तमन्ना (भिवानी), 54 किलोग्राम में प्रियंका (फतेहाबाद), 57 किलोग्राम में प्रिया (भिवानी), 60 किलोग्राम में तन्नू (फतेहाबाद), 65 किलोग्राम में नीरज फोगाट (चरखी दादरी), 70 किलोग्राम में स्नेह (रोहतक), 75 किलोग्राम में नीशू (सोनीपत), 80 किलोग्राम में पूजा रानी (भिवानी) और 80 से अधिक भार वर्ग में प्रियंका तेवतिया (पलवल) का चयन हरियाणा महिला बॉक्सिंग टीम में हुआ है।

## गोली मारकर हत्या करने के चार दोषियों को उम्रकैद

एडीजे अमित सहरावत ने सुनाई सजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

एडीजे अमित सहरावत की अदालत ने हत्या के मामले में फैसला सुनाते हुए चार दोषियों को उम्र कैद व एक दोषी को चार साल की सजा सुनाई है। दोषी मितांशु, शुभम, पंकज व राहुल को उम्र कैद व संदीप को चार साल की सजा सुनाई गई है। अदालत में चले मामले के अनुसार इस संबंध में हिसार शहर थाना पुलिस को मृतक के पिता रोहताश की शिकायत पर केस दर्ज किया था। शिकायत में रोहताश ने बताया कि उसका बेटा जोनी एचएयू में अनुबंध आधार वाटर पंप ऑपरेटर के पद पर नौकरी करता था। शिकायतकर्ता के अनुसार वह सात अगस्त 2021 को रात करीब साढ़े 9 बजे खाना खाने के बाद घर से बाहर न्यू ऋषि नगर में सैनी आटा चक्की के पास बने पार्क में हर रोज की तरह घूमने आया था। उसके कुछ समय बाद बेटा जोनी व उसका दोस्त सोनू भी वहां पार्क के गेट के पास आए और आपस में बातचीत करने लगे। शिकायत के अनुसार इस दौरान मितांशु उर्फ मणी, शुभम व उनके साथ अन्य दो-तीन लडके वहां आए और आते ही जोनी पर गोलियां चलानी शुरु कर दी। बेटा जोनी अपनी जान बचाने के लिए सामने गली में सन्नी के घर की तरफ भागा। मितांशु उर्फ मणी और उसके साथी भी गोलियां चलाते हुए जोनी के पीछे गए। बेटा जोनी सन्नी के घर मे घुस गया। इस दौरान शोर मचाने पर आरोपी मौके से भाग गए थे। गोली लगने घायल हुए जोनी को अस्पताल में लाया गया जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने जोनी के पिता के बयान पर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया था।



## पर्यावरण संरक्षण पूरे विश्व के सामने समस्या : सिहाग

### गांव हरिता में 'जम्भेश्वरम् अभियान' के तहत किया पौधरोपण

■ वीरेंद्र चौधरी के 'जंभेश्वरम् अभियान' में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए पद्मश्री आरसी सिहाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

समाजसेवी एवं जजपा नेता वीरेंद्र चौधरी की ओर से पर्यावरण संरक्षण के लिए चलाए गए अभियान 'जंभेश्वरम् अभियान' के तहत गांव हरिता में पौधारोपण अभियान चलाया गया।

इस अवसर पर पद्मश्री डॉ. आरसी सिहाग मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए और पौधारोपण करते हुए 'जंभेश्वरम् अभियान' के तहत पर्यावरण संरक्षण के दिशा में किए जा रहे वीरेंद्र चौधरी के प्रयासों की सराहना की। पद्मश्री डॉ. आरसी सिहाग ने बुधवार को कहा कि आज के दिन पर्यावरण संरक्षण का विषय पूरे विश्व के सामने एक बड़ी समस्या के रूप में खड़ा है। अगर मनुष्य के पास सांस लेने के लिए स्वच्छ पर्यावरण ही मौजूद नहीं होगा तो बाकी किसी भी चीज के मायने शून्य हो जाते हैं। पर्यावरण संरक्षण व सुधार के लिए पौधारोपण सबसे आधारभूत कार्य है। इसलिए इस 'जंभेश्वरम अभियान' के तहत हरिता के पौधारोपण कार्यक्रम में हिस्सा लेते हुए मुझे खुशी हो रही है। यह बहुत हर्ष का विषय है कि आज के भौतिकवादी युग में भी वीरेंद्र चौधरी जैसे युवा नेता मानव कल्याण के लिए धरातल पर कार्य कर रहे हैं। मैं वीरेंद्र चौधरी को इस पुनीत कार्य के लिए बधाई देना चाहूंगा।



#### पौधरोपण अभियान जारी

वीरेंद्र चौधरी ने डॉ. आरसी सिहाग का विशेष रूप से धन्यवाद व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि पूरे नलवा हलके में ऑक्सिजन लंग्स तैयार करना उनकी प्राथमिकता है जिसके तहत गहन पौधरोपण अभियान चलाया जा रहा है।

### स्वस्थ होली मनाने की अपील

**फतेहाबाद।** उपायुक्त मनदीप कौर ने जिला वासियों को होली पर्व की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए नागरिकों से अपील की है कि वे सुरक्षित और स्वस्थ होली मनाएं। उन्होंने इस शुभ अवसर पर सभी नागरिकों के सुख, समृद्धि और अच्छे स्वास्थ्य की कामना की। उपायुक्त ने अपने संदेश में कहा कि होली भाईचारे, सौहार्द और आपसी प्रेम का पर्व है, जिसे हमें मिल-जुलकर और शांति व उल्लास के साथ मनाना चाहिए। उन्होंने जिलेवासियों से अपील की कि वे होली का उत्सव सुरक्षित और स्वस्थ तरीके से मनाएं। उन्होंने अनुरोध किया कि रंगों का प्रयोग संयमित और प्राकृतिक रूप से करें, जल की बर्बादी न करें और किसी भी तरह की असुविधा या अप्रिय स्थिति से बचने के लिए जिम्मेदारी से त्योहार का आनंद लें। उपायुक्त ने नागरिकों को यह भी सलाह दी है कि वे होली पर्व पर अपने शरीर का ध्यान रखे। उन्होंने कहा कि होली खेलते समय त्वचा, आंखों और श्वसन तंत्र की सुरक्षा के लिए अतिरिक्त सावधानियों के साथ-साथ आवश्यक कदम उठाने जरूरी है।

**प्रवचन** — रामपुरा मोहल्ला के गीता भवन में ब्रह्म ज्ञान सत्संग का समापन


## कुछेक विरलों को ही प्राप्त होती है ज्ञान व दीवानगी : गंगेनंदन महाराज

संत वही है, जिसने अपने अनुभव से ईश्वर को प्राप्त किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

आध्यात्मिक गीता ज्ञान प्रचारिणी सभा एवं समस्त हरि शरणम् परिवार के तत्वावधान में रामपुरा मौहल्ला के गीता भवन मंदिर में आयोजित ब्रह्म ज्ञान सत्संग का समापन हो गया। अंतिम दिन कथा व्यास हिमालय तपस्वी परमहंस गंगेनंदन महाराज ने उपस्थित श्रद्धालुओं को प्रवचन दिए। समापन कार्यक्रम में प्रवचन देते हुए कथा व्यास गंगेनदन महाराज ने बुधवार को कहा कि आज जिनकी पूजा हो रही है, वे ही केवल ज्ञान को प्राप्त हुए हैं, बाकी सभी तो अज्ञानी है।

ज्ञान व दीवानगी कुछेक विरलों को ही प्राप्त होती है। अपने ही कर्मों से मनुष्य अपना पतन व सर्वनाश करता है। चाहे वह कितना ही धनवान या पदवान हो। जिसने परमात्मा को जान लिया, वह किसी को भी उसी अवस्था में ले जा सकता है। उन्होंने कहा कि जिस तरह धुम्रपान करने वाले के पास बैठने वाला भी प्रभावित होता है। ठीक उसी तरह ज्ञानी या ब्रह्म ज्ञानी के सम्पर्क में आने से मनुष्य का जीवन तर जाता है। अनुभव से ज्ञान प्राप्त किया जा सकता है। जो धर्म प्रदर्शन के लिये है, वह धर्म नहीं है। धर्म तो जीने के लिये है। आज लोग अपने धर्म को भूलते जा रहे हैं। अज्ञानता के कारण मनुष्य छल-कपट से भरा हुआ है। मनुष्य दूसरों को धोखा देकर स्वयं अपने आपको धोखा दे रहा है। यही मनुष्य के दुख का सबसे बड़ा कारण है। हमें अपने कर्मों के हिसाब का फल मिलता है। आज भाई अपने भाई को, पुत्र अपने पिता को, बहू अपनी सास को धोखा दे रहे हैं। हम अपनों को दुख देकर प्रसन्न हो रहे हैं। मनुष्य का आचरण सही होना चाहिये। संत वही है, जिसने अपने अनुभव से ईश्वर को प्राप्त किया है। सत्संग में सत्यनारायण शर्मा, एडवोकेट, सुरेन्द्र पंवार, भतेरी, सुरेन्द्र बंसल, महाबीर शर्मा, सुभाष कालड़ा, दयानंद, आदि उपस्थित रहे।



हिसार। गीता भवन में आयोजित ब्रह्म ज्ञान सत्संग में प्रवचन देते हिमालय तपस्वी परमहंस गंगेनंदन महाराज व उपस्थित श्रद्धालु।


हिसार। शोक व्यक्त करते पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु।

### कैप्टन अभिमन्यु ने विधायक की माता के निधन पर शोक जताया

**हिसार।** पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु बुधवार को नलवा विधानसभा से विधायक रणधीर पनिहार की माता रामप्यारी देवी के निधन पर गांव पनिहार में शोक व्यक्त करने पहुंचे। इस दौरान कैप्टन अभिमन्यु ने परिवारजनों से मिलकर अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त की और ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें तथा परिवारजनों को इस दुख की घड़ी को सहन करने का संबल दें। उधर, इनेलो सुप्रीमों अभय सिंह चौटाला, पूर्व मंत्री ओमप्रकाश धनखड़, पूर्व संसदीय सचिव दूड़ाराम, गुरू जंभेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी बिश्नोई, आरक्षण संघर्ष समिति के यशपाल मलिक, पूर्व राज्यसभा सांसद जनरल डीपी. वत्स, पूर्व मेयर गौतम सरदाना, अजय सिंधु, द्वारका प्रसाद, उग्रसेन, आईएएस अशोक गर्ग, जजपा नेता विरेन्द्र चोधरी, इनेलो नेता उमेद लोहाद, जगदीश मंढोलीवाला, राज गागड़वास, वेद फूला, सरोज सिहाग, कृष्ण बिश्नोई, बीर सिंह दलाल, धर्मवीर गोयत, उदयवीर पूनियां सहित अनेक गणमान्य लोगों ने पहुंचकर कसंवा परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त की।

## कूकन ने भाजपा समर्थित कुलदीप गौतम को 478 वोटों से हराया

# नारनौंद नगर पालिका के कड़े मुकाबले में निर्दलीय प्रत्याशी शमशेर कूकन बने चेयरमैन

### भाजपा समर्थित कुलदीप गौतम रहे दूसरे स्थान पर | विधायक रामकुमार गौतम के भाई भीमसेन गौतम रहे तीसरे स्थान पर

हरिभूमि न्यूज | नारनौंद

नारनौंद नगर पलिका चुनाव में निर्दलीय प्रत्याशी शमशेर कूकन भाजपा समर्थित कुलदीप गौतम को हराकर चेयरमैन निर्वाचित हुए है। शमशेर कूकन को 4639 वोट मिले। दूसरे स्थान पर रहने वाले कुलदीप गौतम को 4161 वोट मिले। कूकन ने भाजपा समर्थित कुलदीप गौतम को 478 वोटों से हराया। विधायक रामकुमार गौतम के भाई भीमसेन गौतम तीसरे स्थान पर रहे। इस चुनावी रण में चेयरमैन पद के लिए 10 उम्मीदवारों ने अपनी ताल ठोकी थी। वही 16 वार्डों में 53 पार्षद अपना भाग्य आजमा रहे थे। नारनौंद नगर पालिका में चेयरमैन पद के लिए शमशेर लोहान उर्फ कूकन ने 4639 वोट लिए , विधायक रामकुमार गौतम के भाई भीमसेन गौतम ने 1068, पूर्व पार्षद कुलदीप गौतम ने 4161, सुरेश एमसी ने 547 , दिनेश कुमार ब्यास ने 272 , अनुराधा ने 170 , सुमन देवी ने 404, मुकेश कुमार ने 251, मनीष ने 63 , प्रदीप कुमार ने 34 वोट प्राप्त किए। 16 वार्डों में पार्षदों में वार्ड नंबर एक से अनिल जीते उन्होंने 388 वोट मिले, महेंद्र दूसरे नंबर पर रहे उनको 352 वोट मिले, वार्ड दो से पिंकी रानी ने जीत हासिल की उनको 293 वोट मिले, रेनू दूसरे नंबर पर रही उनको 214 वित मिले। वार्ड तीन से नीलम देवी ने जीत हासिल की उनको 406 वोट मिले, दूसरे नंबर पर परमजीत कौर रही जिनको 348 मत मिले। वार्ड चार से प्रिया ने जीत हासिल की उनको 383 वोट मिले, दूसरे नंबर पर रामलाल रहे उनको 221 वोट मिले। वार्ड पांच से सुखबीर ने जीत हासिल की उनको 357वोट मिले, दूसरे नंबर पर सुरेश रहे उनको 109 वित मिले, वार्ड छह से आम आदमी पार्टी की ज्योति ने जीत हासिल की उनको 485 वोट मिले, दूसरे नंबर पर रितु रही उनको 239 वोट मिले। वार्ड सात से सोमबीर जीते उनको 343 वोट मिले, दूसरे नंबर पर ललित कुमार रहे उनको 171 वोट मिले, वार्ड आठ से सुषमा जीती उनको 517 वोट मिले, दूसरे नंबर पर काजल रही उनको 243 वोट मिले, वार्ड नो से राजवीर सिंह ने जीत हासिल की उनको 527 वोट मिले, दूसरे नंबर पर विनोद रहे उनकी 316 वोट मिले। वार्ड दस से टेकराम शर्मा जीते उनको 330 वोट मिले, दूसरे नंबर सचिन शर्मा रहे उनको 144 वोट मिले। वार्ड 11 से पिंकी पाल ने जीत हासिल की उनको 518 वोट मिले दूसरे नंबर पर रोहतास रहे उनको 109 वोट मिले। वार्ड 12 से सत्यवान जीते उनको 437 वोट मिले, दूसरे नंबर पर सोनू रहे उनको 268 वोट मिले। वार्ड 13 से देवेंद्र उर्फ गोलू व संजय शर्मा को बराबर के 220 - 220 वोट मिले इनका टॉस करवाया गया जिसमें देवेंद्र उर्फ गोलू जीते। वार्ड 14 से सुनीता ने जीत हासिल की उनको 354 वोट मिले दूसरे नंबर पर मुकेश रही उनको 343 वोट मिले। वार्ड 15 से मुकेश देवी ने जीत हासिल की उनको 292 मत मिले, दूसरे नंबर पर सुमन रही उनको 236 मत मिले।


नारनौंद। नवनिर्वाचित चेयरमैन शमशेर कूकन अपने समर्थकों के साथ जुलूस निकालते हुए।

### इतने मिले वोट

| वार्ड | जीते | वोट | हार | वोट |
|---|---|---|---|---|
| 1 वार्ड | अनिल | 388 | महेंद्र | 352 |
| 2 वार्ड | पिंकी | 223 | रेनू | 214 |
| 3 वार्ड | नीलम | 406 | परमजीत | 348 |
| 4 वार्ड | प्रिया | 383 | रामलाल | 221 |
| 5 वार्ड | सुखबीर | 357 | सुरेश | 109 |
| 6 वार्ड | ज्योति | 485 | रितु | 239 |
| 7 वार्ड | सोमबीर | 343 | ललित | 171 |
| 8 वार्ड | सुषमा | 517 | काजल | 243 |
| 9 वार्ड | राजबीर | 527 | विनोद | 316 |
| 10 वार्ड | टेकराम | 330 | सचिन | 144 |
| 11 वार्ड | पिंकीपाल | 518 | रोहतास | 109 |
| 12 वार्ड | सत्यवान | 437 | सोनू | 268 |
| 13 वार्ड | देवेंद्र | 221 | संजय | 220 |
| 14 वार्ड | सुनीता | 354 | मुकेश | 343 |
| 15 वार्ड | मुकेश देवी | 292 | सुमन | 236 |
| 16 वार्ड | अमित | 260 | सुरेंद्र | 192 |

वार्ड 16 से अमित सैनी ने जीत हासिल की उनको 260 वोट मिले, दूसरे नंबर पर सुरेंद्र कुमार रहे उनको 192 वोट मिले।


अनिल कुमार | पिंकी | नीलम | प्रिया | सुखबीर | ज्योति
सोमबीर | सुषमा | राजबीर | टेकराम | पिंकीपाल | सत्यवान
देवेंद्र | सुनीता | मुकेश देवी | अमित सैनी | शमशेर कूकन | कुलदीप गौतम

## खबर संक्षेप

### आदमपुर में होलिका दहन पर कार्यक्रम आज

**मंडी आदमपुर।** क्लाथ मार्केट स्थित मैदान में वीरवार 13 मार्च को श्रीश्याम मित्र मंडल एवं सेवा समिति और श्रीखाटू श्याम सालासर बालाजी सेवा समिति के तत्वावधान में 27वां होली महोत्सव का आयोजन होगा। समिति के प्रधान सुरेंद्र गर्ग व अमित अग्रवाल ने बताया कि इस दिन शाम सवा चार बजे भजन संध्या कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिसमें स्थानीय व बाहर के कलाकार बाबा श्याम का गुणगान करेंगे।

### प्रतिनिधिमंडल ट्रेनी डीएसपी तनुज से मिला

**बरवाला।** बरवाला फोटोग्राफर संघ का एक प्रतिनिधिमंडल दो फोटोग्राफरों द्वारा एक फोटोग्राफर का लगभग दो लाख रुपये की कीमत का कैमरा, बैटरी, इमरजेंसी बैटरी, चार्जर, मेमोरी कार्ड व फोटोग्राफी का अन्य सामान वापिस ना दिए जाने को लेकर बरवाला थाना में आकर थाना प्रभारी ट्रेनी डीएसपी तनुज शर्मा से मिला। थाना प्रभारी ट्रेनी डीएसपी तनुज शर्मा ने इस प्रतिनिधिमंडल को तीन-चार दिनों में इस मामले का पटाक्षेप किए जाने का आश्वासन दिया।

### चोरी के सामान सहित आरोपी गिरफ्तार

**हांसी।** शहर थाना पुलिस ने आवास से सामान चोरी करने वाले एक आरोपी को सामान सहित गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान कृष्णा कालोनी निवासी मनोज के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार आरोपी ने 8 मार्च रात को जगदीश कॉलोनी निवासी कुलदीप के मकान से हुक्का व अन्य सामान चोरी कर लिया था। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चुराया गया सामान बरामद कर लिया।

### होली मिलन समारोह का आयोजन

**हांसी।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में बुधवार को हरियाणा अग्रवाल महिला विकास संगठन के द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में समाजसेवी कृष्णा देवी ने अपने पुत्रवधू मंजू बंसल व लवली बंसल ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की तथा दीप प्रज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया। समारोह में महिलाओं द्वारा नाटक प्रस्तुत किया गया। सिमोनी व तिशा के द्वारा गणेश वंदना की गई।

## कुछेक विरलों को ही प्राप्त होती ज्ञान व दीवानगी : गंगेनंदन महाराज

- रामपुरा मोहल्ला के गीता भवन में ब्रह्म ज्ञान सत्संग का समापन

हरिभूमि न्यूज | हिसार

आध्यात्मिक गीता ज्ञान प्रचारिणी सभा एवं समस्त हरि शरणम् परिवार के तत्वाधान में रामपुरा मौहल्ला के गीता भवन मंदिर में आयोजित ब्रह्म ज्ञान सत्संग का समापन हो गया। अंतिम दिन कथा व्यास हिमालय तपस्वी परमहंस गंगेनंदन महाराज ने उपस्थित श्रद्धालुओं को प्रवचन दिए।

समापन कार्यक्रम में प्रवचन देते हुए कथा व्यास गंगेनदन महाराज ने बुधवार को कहा कि आज जिनकी पूजा हो रही है, वे ही केवल ज्ञान को प्राप्त हुए हैं, बाकी सभी तो अज्ञानी है। ज्ञान व दीवानगी कुछेक विरलों को ही प्राप्त होती है। अपने ही कर्मों से मनुष्य अपना पतन व सर्वनाश करता है। चाहे वह कितना ही धनवान या पदवान हो। जिसने परमात्मा को जान लिया, वह किसी को भी उसी अवस्था में ले जा सकता है।


हिसार। गीता भवन में आयोजित ब्रह्म ज्ञान सत्संग में प्रवचन देते हिमालय तपस्वी परमहंस गंगेनंदन महाराज व उपस्थित श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

### अनुभव से ज्ञान प्राप्त किया जा सकता है

उन्होंने कहा कि जिस तरह धुम्रपान करने वाले के पास बैठने वाला भी प्रभावित होता है। ठीक उसी तरह ज्ञानी या ब्रह्म ज्ञानी के सम्पर्क में आने से मनुष्य का जीवन तर जाता है। अनुभव से ज्ञान प्राप्त किया जा सकता है। जो धर्म प्रदर्शन के लिये है, वह धर्म नहीं है। धर्म तो जीने के लिये है। आज लोग अपने धर्म को भूलते जा रहे हैं। अज्ञानता के कारण मनुष्य छल-कपट से भरा हुआ है। मनुष्य दूसरों को धोखा देकर स्वयं अपने आपको धोखा दे रहा है। यही मनुष्य के दुख का सबसे बड़ा कारण है। हमें अपने कर्मों के हिसाब का फल मिलता है।

## इंस्पायर अवार्ड योजना में श्री काली देवी विद्या मंदिर के दो विद्यार्थियों का हुआ चयन

हरिभूमि न्यूज | हांसी

भारत सरकार के नीति आयोग द्वारा संचालित इनोवेशन इन साइंस परशुट फार इंस्पायर्ड रिसर्च ( इंस्पायर) अवार्ड योजना के तहत श्री काली देवी विद्या मंदिर की कक्षा 9वीं के दो विद्यार्थियों मानविक व कीर्ति के नवाचार व रचनात्मक विचारों का चयन किया गया है। इस उपलब्धि के अंतर्गत दोनों विद्यार्थियों को प्रदेश सरकार द्वारा 10,000 रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई है, छात्रों को सरकार से प्राप्त राशि अपने मॉडलों के निर्माण में उपयोग करेंगे। स्कूल प्राचार्या गीता मेहता ने बताया कि इंस्पायर अवार्ड योजना का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच को प्रोत्साहित करना और नवाचार को बढ़ावा देना है।


मानविक


कीर्ति

चयनित मॉडलों को जिला स्तर पर प्रस्तुत किया जाएगा। जिला स्तर पर सफल होने के बाद राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर मिलेगा और राज्य स्तर पर चयनित मॉडल नेशनल लेवल पर प्रदर्शित किए जाएंगे। प्राचार्या गीता मेहता ने दोनों विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह हमारे विद्यालय के लिए गर्व का क्षण है।

### गति में चार्जिंग

विद्यार्थी मानविक ने बताया कि उनका विचार गति में चार्जिंग पर आधारित इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) विकसित करने पर केंद्रित है, जिससे चलते समय ही बैटरी चार्ज हो सके। वहीं कीर्ति ने अपशिष्ट पृथक्करण और अर्ध-पुनर्चक्रण डस्टबिन का विचार प्रस्तुत किया है, जिससे कचरे को स्वचालित रूप से अलग किया जा सकेगा और पुनर्चक्रण की प्रक्रिया को सरल बनाया जा सकेगा।

## गांजा सप्लाई करने वाले गिरफ्तार

**हांसी।** थाना नारनौंद पुलिस ने प्रभावी कार्रवाई करते हुए 2 किलो 71 ग्राम गांजा सप्लाई करने वाले असल तस्करों तलवंडी राणा निवासी शिवम व भिवानी जिले के बलियाली गांव निवासी विक्रम को प्रोडक्शन वारंट पर लिया है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार प्रोडक्शन वारंट पर लिए गए दोनों आरोपियों ने कुछ दिन पहले नारनौंद के वार्ड नंबर 13 निवासी दीपक उर्फ सायमंड को 2 किलो 71 ग्राम गांजा सप्लाई किया था। आरोपियों को प्रोडक्शन वारंट पर लेकर शामिल जांच किया गया और प्रोडक्शन वारंट अवधि समाप्त होने पर आरोपियों को अदालत में पेश कर पुनः न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

## नर्सिंग छात्राओं ने किया प्रतिभा का प्रदर्शन

- नर्सिंग स्टाफ हॉस्पिटल का मुख्य स्तम्भ : डॉ. अलका

हरिभूमि न्यूज | हिसार

खिलखिलाते मुस्कुराते चेहरे, थिरकते कदम, रैंप पर अदाओं का जलवा, हवा में बिखरते रंग और सारी टेंशन भूलकर हुल्लड़ मचाते युवा। मौका था महाराजा अग्रसेन मेडिकल कॉलेज में नर्सिंग स्टूडेंट्स की फ्रेशर पार्टी का जहां विद्यार्थियों ने ओपी जिंदल ऑडिटोरियम में हर शख्स को अपने रंग में रंग दिया। एक ओर विद्यार्थियों ने नृत्य और गायन की विभिन्न प्रस्तुतियों से अपनी योग्यता का प्रदर्शन किया वहीं दूसरी ओर फैशन रैंप वॉक ने शाम में चार चांद लगा दिए। युवा जोश और प्रतिभा ने महाराजा अग्रसेन मेडिकल कॉलेज के प्रांगण को खुशी और मस्ती से भर दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि महाविद्यालय निदेशक डॉ. अलका छाबड़ा व प्रशासनिक निदेशक डॉ. आशुतोष शर्मा ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. अलका छाबड़ा ने फैकल्टी और विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज का दिन सबके लिए यादगार है। यह महाविद्यालय आपके विकास को नए आयाम देते हुए आपके सपने पूरे करेगा।


हिसार। कार्यक्रम प्रस्तुत करती नर्सिंग छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

### श्रुति, अंकिता, रमन के सर सजा मिस्टर-मिस फ्रेशर का ताज

फ्रेशर पार्टी में अलग-अलग मानदंडों पर जजीज़ ने मिस्टर और मिस फ्रेशर की घोषणा की। बीएससी से श्रुति और निर्जला क्रमशः मिस फ्रेशर और रनर अप रहे हैं तो वहीं जीएनएम गर्ल्स में अंकिता मिस फ्रेशर और परी रनर अप रहे और बॉयज़ में रमन मिस्टर फ्रेशर और मनोज रनर अप रहे। इस दौरान कार्यक्रम में महाविद्यालय निदेशक डॉ. अलका छाबड़ा, निदेशक प्रशासन डॉ. आशुतोष शर्मा, डॉ. मोनिका जैन, डॉ. सीमा, डॉ. रोज़ मैरी, डॉ. सम्रता, डॉ. प्रोमिला पांडे, डॉ. पवन अग्रवाल, डॉ. निधि, पूनम शर्मा, अनुप्रभा, नीलम, दीक्षा, ललिता, प्रियंका, आशा आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## होली पर हुड़दंग की तो नहीं खैर रहेगी पुलिस की नजर : एसपी


- हुड़दंग करने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई

**हिसार।** होली के त्योहार को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न करवाने के लिए जिला पुलिस ने सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए हैं। पुलिस अधीक्षक ने जिला पुलिस को त्योहार पर हुड़दंग मचाने वालों से सख्ती से निपटने के निर्देश दिए हैं। पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन ने कहा कि होली के अवसर पर हुडदंग करने वालों पर पुलिस की नजर रहेगी। पुलिस द्वारा हिसार के अलग अलग स्थानों पर 28 जगह नाकाबंदी कर चैकिंग की जाएगी। साथ ही सभी थाना और चौकी प्रभारियों को होली के त्योहार पर सुरक्षा के मद्देनजर शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए निगरानी व सतर्कता के साथ प्रभावी गश्त के निर्देश दिए है। होली के शुभ अवसर पर किसी प्रकार का हुडदंग या शांति व्यवस्था भंग न हो, इसके लिए शरारती तत्वों पर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। सभी थाना और चौकी प्रभारियों को त्योहार के अवसर पर कानून और शांति व्यवस्था बिगाड़ने वाले पर कार्रवाई करने बारे निर्देश दिया है।

## धूम्रपान छोड़कर स्वस्थ जीवनशैली अपनाएं : राहुल शर्मा



हिसार। धूम्रपान निषेध दिवस पर युवाओं को जागरूक करते नशा मुक्त भारत अभियान के मास्टर वालंटियर राहुल शर्मा। फोटो : हरिभूमि

**हिसार।** जिला नागरिक अस्पताल के काउंसलर एवं नशा मुक्त भारत अभियान के मास्टर वालंटियर राहुल का कहना है कि तंबाकू में मौजूद हानिकारक रसायन न केवल व्यक्ति को गंभीर बीमारियों से ग्रसित करते हैं, बल्कि धीरे-धीरे मौत के करीब भी ले जाते हैं। ऐसे में हमें तंबाकू व अन्य नशों का कभी प्रयोग नहीं करना चाहिए। राहुल शर्मा बुधवार को जिले के गांव शिकारपुर में गुरु दक्ष राजकीय बहुतकनीकी संस्थान की ओर से राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत आयोजित कैंप में ग्रामीणों व विद्यार्थियों को संबोधित कर रहे थे। वे कैंप में मुख्य वक्ता रहे जबकि अध्यक्षता कार्यक्रम अधिकारी सोनू सिंह ने की। इस कार्यक्रम के दौरान गांव के युवाओं और बुजुर्गों ने धूम्रपान और नशीले पदार्थों से दूर रहने की शपथ ली। राहुल शर्मा ने ग्रामीणों को यह संकल्प दिलाया कि वे खुद तंबाकू से दूर रहेंगे।

### वीरेंद्र चौधरी के 'जंभेश्वरम अभियान' में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए पद्मश्री आरसी सिहाग

## पर्यावरण संरक्षण का विषय पूरे विश्व के सामने एक बड़ी समस्या : पद्मश्री डॉ. सिहाग

गांव हरिता में 'जम्भेश्वरम अभियान' के तहत किया गया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज | हिसार

समाजसेवी एवं जजपा नेता वीरेंद्र चौधरी की ओर से पर्यावरण संरक्षण के लिए चलाए गए अभियान 'जंभेश्वरम अभियान' के तहत गांव हरिता में पौधरोपण अभियान चलाया गया। इस अवसर पर पद्मश्री डॉ. आरसी सिहाग मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए और पौधारोपण करते हुए 'जंभेश्वरम अभियान' के तहत पर्यावरण संरक्षण के दिशा में किए जा रहे वीरेंद्र चौधरी के प्रयासों की सराहना की। पद्मश्री डॉ. आरसी सिहाग ने बुधवार को कहा कि आज के दिन पर्यावरण संरक्षण का विषय पूरे विश्व के सामने एक बड़ी समस्या के रूप में खड़ा है। अगर मनुष्य के पास सांस लेने के लिए स्वच्छ पर्यावरण ही मौजूद नहीं होगा तो बाकी किसी भी चीज के मायने शून्य हो जाते हैं। पर्यावरण संरक्षण व सुधार के लिए पौधारोपण सबसे आधारभूत कार्य है। इसलिए इस 'जंभेश्वरम अभियान' के तहत हरिता के पौधारोपण कार्यक्रम में हिस्सा लेते हुए मुझे खुशी हो रही है। यह बहुत हर्ष का विषय है कि आज के भौतिकवादी युग में भी वीरेंद्र चौधरी जैसे युवा नेता मानव कल्याण के लिए धरातल पर कार्य कर रहे हैं। मैं 'जंभेश्वरम अभियान' के प्रणेता वीरेंद्र चौधरी को इस पुनीत कार्य के लिए बधाई देना चाहूंगा। वीरेंद्र चौधरी का यह कार्य समाज को नई दिशा देने वाला साबित होगा।


हिसार। पद्मश्री आरसी सिहाग व वीरेंद्र चौधरी गांव हरिता में पौधरोपण करते हुए।

### ऑक्सिजन लंग्स तैयार करना प्राथमिकता

वीरेंद्र चौधरी ने डॉ. आरसी सिहाग का विशेष रूप से धन्यवाद व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि पूरे नलवा हलके में ऑक्सिजन लंग्स तैयार करना उनकी प्राथमिकता है जिसके तहत गहन पौधरोपण अभियान चलाया जा रहा है।